an>

Title: Need to expedite the opening of mono Rail coach factory by BHEL in Bhilwara.

श्री सुभाष चन्द्र बहेड़िया (भीलवाड़ा) : उपाध्यक्ष जी, मेरे संसदीय क्षेत्र भीलवाड़ा में 'भेल' द्वारा मेमू कोच सवारी डिब्बे बनाने के कारखाने के लिए 25 फरवरी, 2013 भारतीय रेलवे साथ एम.ओ.यू. साइन किया गया था। भूमि के ट्रांसफर के लिए राजस्थान सरकार और रेल मंत्रालय द्वारा एक एम.ओ.यू. किया गया। इस कारखाने के निर्माण के लिए 22.09.2013 को शिलान्यास भी कर दिया गया, लेकिन आज तक इस कारखाने का निर्माण शुरू नहीं हुआ है। मेरा आपके माध्यम से रेल मंत्री जी से आग्रह है कि इस कारखाने के निर्माण कार्य को जल्द से जल्द शुरू कराया जाए।